तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025

11 सभापति ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों ...



12 शैक्षिक नवाचार को मिली नई पहचान





# मोक्षधाम में चला स्वच्छता अभियान, नपाध्यक्ष की अगुवाई में किया गया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के नेतृत्व एवं पहल पर शुरू किया गया, जिसमें नगर पालिका के पार्षदगण, अधिकारी, समाजसेवी और नागरिकों ने मिलकर श्रमदान करते हुए सफाई कार्य में भाग लिया।

- कूड़ेदान, लाइट पेयजल और जल निकासी जैसी व्यवस्थाओं में सुधार

मोक्षधाम की बिगड़ती स्थिति, जगह-जगह फैले कचरे और दुर्गंध की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष अशोक जैन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मोक्षधाम की बदहाल स्थिति को देखते हुए तुरंत कार्ययोजना बनाई गई और प्रातः 6 बजे से नगर पालिका की टीम के साथ विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, पार्षदगण एवं समाजसेवियों ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का उदाहरण प्रस्तुत किया। अभियान के तहत कूड़ेदानों की स्थापना की गई, पेयजल सुविधा के लिए बोर का सुधार कराया गया, विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त कर लाइट लगाई गई, बारिश में भीग रही लकड़ियों को व्यवस्थित किया गया, ▸▸ शेष पेज 11 पर

### अशोक जैन की पहल पर सुबह 6 बजे शुरू हुआ सफाई कार्य





### मोक्षधाम की स्वच्छता सामूहिक जिम्मेदारी

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि मोक्षधाम न केवल अंतिम संस्कार का स्थल है, बल्कि यह हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का केंद्र भी है। इसकी स्वच्छता और व्यवस्था हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि सभी मिलकर ऐसे स्थलों की सफाई व सौंदर्यीकरण में नियमित योगदान दें।

## खबर संक्षेप

### पिता-पुत्र घायल

**महासमुंद।** चंडी मंदिर रोड के पास पिकअप की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि लोकेश साहू निवासी वार्ड नं एक भानपुर 9 जुलाई की रात करीब अपने लड़के नरेंद्र साहू को लेने अपनी मोटर सायकल क्र सीजी 06 एचसी 0219 से रेलवे स्टेशन गया था। रात करीबन 9.55 बजे ट्रेन आने के पश्चात अपने लड़के के साथ वापस घर भानपुर जा रहा था, चंडी मंदिर मोड एनएच 353 रोड के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही पिकअप वाहन क्र सीजी 04 एचक्यू 7533 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते बाइक को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में पिता-पुत्र को चोटें आई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पार्षद के भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पार्षद के भाई के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को मोहम्मद कादरी पार्षद व निवासी वार्ड नंबर 15 बसना ने पुलिस को बताया कि 12 जुलाई की सुबह लगभग 4 बजे उसके छोटे भाई अफसर कादरी ने फोन कर बताया कि टेलीफोन आफिस के सामने उसके साथ बंसुलाडीपा के वीरेंद्र मिश्रा के द्वारा गाली गलौज कर मारपीट किया गया है। जब उसने जाकर देखा तो उसका भाई टेलीफोन आफिस के पास पड़ा था तथा पूछने पर अज्ञात कारण से आरोपी वीरेंद्र मिश्रा द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर अज्ञात वस्तु से मारपीट करना बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में महिला घायल

**महासमुंद।** एनएच 53 भोकलूडीह में बाइक में सवार एक महिला एक्सीडेंट में घायल हो गई। सांकरा पुलिस को प्रार्थी धनीराम रात्रे पिता सुरेंद्रू रात्रे निवासी दलालखार ने बताया कि 2 जुलाई को वह अपने माता पिता व भारत जगत के साथ रजिस्ट्री कराने पिथौरा गया था। वहां से वापस आते समय दोपहर 3 बजे अपनी मां भोजमोती रात्रे के साथ अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी06 जीयू 5046 से पिथौरा से रजिस्ट्री कराकर अपने घर वापस आ रहा था, तभी पीछे से आ रहे मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी05 एएन 3856 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे पीछे बैठी उसकी मां गिर गई और उसे चोट लगी। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### प्रार्थना सभा के विरोध के दौरान हंगामा

**धमतरी।** ग्राम गोपालपुरी में चल रही एक प्रार्थना सभा का हिन्दू संगठनों ने विरोध किया। इस दौरान खूब हंगामा भी हुआ। एक व्यक्ति को चोट भी आई है, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को हिन्दू संगठन के युवा ग्राम गोपालपुरी पहुंचे, जहां पर एक मकान में प्रार्थना सभा चल रही थी।

### हादसा : वन विभाग की लापरवाही फिर हुई उजागर

# अधेड़ पर भालू ने बारनवापारा अभयारण्य में किया हमला, गंभीर पीड़ित आईसीयू में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कौहाबारहा में भालू के हमले की एक और दर्दनाक घटना सामने आई है। शनिवार दोपहर लगभग 11 से 12 बजे के बीच हुए इस हमले में ग्रामवासी इंदल ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हमले के बाद उन्हें तात्कालिक रूप से महासमुंद के सोहम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें आईसीयू में रखा गया है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इंदल ठाकुर अपने दैनिक कार्य से जंगल की ओर गए थे, तभी अचानक जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में इंदल के सिर और शरीर पर गहरी चोटें आई हैं। ग्रामवासियों द्वारा तत्काल रेस्क्यू कर उन्हें कसडोल होते हुए महासमुंद अस्पताल पहुंचाया गया।




### ग्रामीणों ने की ठोस कार्रवाई करने की मांग

ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग तत्काल प्रभाव से संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाए, ग्रामीणों को सुरक्षा उपकरण एवं चेतावनी प्रणाली उपलब्ध कराए, और वन्यजीवों के आतंक से सुरक्षा प्रदान करे।यह घटना एक बार फिर वन विभाग की अनदेखी और उपेक्षा का सबूत है – जब तक ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक ग्रामीणों की सुरक्षा सिर्फ एक सपना बनी रहेगी।

### जंगली जानवरों की घुसपैठ आम

यह कोई पहली घटना नहीं है। बारनवापारा के जंगलों से सटे गांवों में भालू, तेंदुआ जैसे जंगली जानवरों का मानवीय क्षेत्रों में घुसपैठ अब आम बात हो चुकी है। वन विभाग की लापरवाही और सुरक्षा उपायों की घोर कमी के चलते ग्रामीणों की जान आए दिन खतरे में पड़ रही है।स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विभाग सिर्फ कागजी कार्रवाई करता है, जबकि गांवों में न तो पर्याप्त निगरानी है, न चेतावनी बोर्ड, न ही कोई आपातकालीन सहायता की व्यवस्था।

# समाधान सेल की सूचना पर जिलाबदर का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आम जनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर पर व्हाट्सएप अथवा काल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से अपराधिक कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मि। इसी तारतम्य में दिनांक 13.07.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी महेश्वर टंडन उर्फ डीके को हिरासत में लिया गया है।

- एसपी के निर्देशन में आरोपी को मौके से गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी महेश्वर टंडन उर्फ डीके को मौके पर ही पकड़ कर हिरासत में लिया गया। पुलिस द्वारा जिलाबदर के आदेश होने के उपरांत भी भाठागांव में घूमने संबंधी पूछताछ पर ▸▸ शेष पेज 11 पर

### आने जाने वाले को गाली गलौज कर रहा था

पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा धारा 3,5(ख) 2023 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत आरोपी महेश्वर टंडन उर्फ डीके को जिलाबदर किया गया है। उक्त आदेश के तहत आरोपी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ आदि जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है तथा आदेश में अनावेदक को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने संबंधी आदेश का भी उल्लेख है कि दिनांक 13 जुलाई को समाधान सेल में सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी महेश्वर टंडन उर्फ डीके ग्राम भाठागांव में घूम रहा है तथा आने जाने वाले लोगों को गाली गलौज कर रहा है, डरा धमका रहा है।

# अवैध वसूली की शिकायत पर विधायक पुलिस कर्मियों पर बिफरे



**कसडोल।** रविवार को कसडोल विधायक बीच सड़क में यातायात पुलिसकर्मियों पर भड़क पड़े। वजह थी ग्रामीणों की अवैध वसूली की शिकायत। दरअसल बलौदाबाजार–कसडोल मार्ग पर ग्राम डोंगरीडीह-डोंगरा के पास नेशनल हाईवे पर पुलिस द्वारा वाहनों की अनियमित जांच कर ग्रामीण महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों से जांच के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत ग्रामीणों ने विधायक से की थी जिस पर विधायक मौके पर पहुंचे थे। मौके पर पहुंचकर विधायक ने देखा कि ग्रामीण पुलिस की दहशत की ▸▸ शेष पेज 11 पर

### निष्पक्ष जांच करे पुलिसः विधायक

मौके पर पहुंच कर कसडोल विधायक संदीप साहू जांच कर रहें पुलिसकर्मियों पर भड़के और कहा कि क्षेत्र की जनता की शिकायत मिली है। जांच के नाम पर महिलाओं, लड़कियों, बुजुर्गों और अस्पताल जाने वाले लोगों को परेशान कर अवैध वसूली की जा रही है। ये मैं बर्दाश्त नहीं करूंगा। आप निष्पक्ष हर वाहनों की जांच करिए इसमें सभी सहयोग करेंगे। लेकिन सिर्फ ग्रामीणों को निशाना बनाएंगे तो यह नहीं चलेगा।

## शिव मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु...



**भाटापारा।** सावन मास भोलेनाथ की आराधना का माह होने से शिवभक्त भोलेनाथ का अभिषेक पूजन शिवमंदिरो में किया जा रहा है। नगरपालिका स्थित महाकाल मंदिर मे भोलेनाथ का प्रतिदिन आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है, जहां बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त सुबह से लेकर देर शाम तक दर्शन हेतु पहुंच रहे है।

# शेयर ट्रेडिंग में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, अब तक 12 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर 2 वर्ष में रकम का दुगना कर वापस करने का झांसा देते हुए आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य द्वारा विभिन्न लोगों से करोड़ रूपयों की धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया गया है, जिस पर थाना कसडोल में आरोपियों के विरुद्ध अब तक 4 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के भी कई लोगो के साथ भी शेयर ट्रेडिंग में पैसे लगाकर कम समय मे पैसा दुगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के संबंध में जानकारी मिल रही है, जिसके संबंध में जांच तस्दीक कार्यवाही की जा रही है।

- पुलिस ने प्रकरण में 1 और आरोपी दिवाकर अवसरिया को किया गया गिरफ्तार



प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा गहन जांच तस्दीक एवं विवेचना करते हुए ठगी करने वाले सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित करते हुए प्रकरण में संपूर्ण जांच, पीड़ितों से आवेदन लेने, आरोपियों की पता तलाश करने, संबंधित आरोपियों ▸▸ शेष पेज 11 पर

### प्रकरण की विवेचना है जारी

प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी से 4 मोबाइल, विभिन्न बैंक का 5 पासबुक, चेक, एटीएम, पैसा लेनदेन का रजिस्टर, जमीन खरीदी-बिक्री संबंधी पेपर, अन्य कागजात, सोने चांदी के जेवर आदि एवं नगदी रकम 9,71,000 बरामद किया गया है। आरोपियों के बैंक अकाउंट, संपत्ति की जानकारी एकत्र की जा रही है तथा साइबर सेल की टीम द्वारा प्रकरण के समस्त बिंदुओं का अवलोकन कर तकनीकी विश्लेषण भी किया जा रहा है। कि प्रकरण में आज दिनांक 13 जुलाई को आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में पुलिस द्वारा अब तक थाना कसडोल में 4 अपराधिक प्रकरण दर्ज करने के साथ ही कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण विवेचना में है।

### जन-सहभागिता के साथ पारिस्थितिकी बहाली व वन्यजीवों के संरक्षण का प्रयास

# कैम्पा योजना के तहत 1.16 लाख पौधे होंगे रोपित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

वन विभाग द्वारा इस वर्ष कैम्पा योजना के अंतर्गत किए जा रहे वृक्षारोपण अभियान में पारिस्थितिकी की बहाली और जैव विविधता पुनर्स्थापना के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। इस वर्ष 2025 में कैम्पा योजना के अंतर्गत कुल 9 स्थलों का चयन किया गया है जिनमें कुल 171.49 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 1,16,081 पौधों का रोपण किया जा रहा है।

- वैज्ञानिक पद्धति से होगा वृक्षारोपण, स्थानीय प्रजातियों को दी जा रही प्राथमिकता

वृक्षारोपण स्थल चयन के समय हर स्थल का मिट्टी परीक्षण और बेसलाइन सर्वे किया जाएगा जिसमें वर्तमान में उस क्षेत्र की जानकारी प्राप्त होगी और वृक्षारोपण के बाद मृदा ,मिट्टी के नमी , जलवायु और जीव जंतुओं के वापसी में आने वाले बदलाव क्री जानकारी मिलेगी। साथ ही इन अपेक्षित परिणामों से दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ सुनिश्चित होगा। इस योजना में स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता दी जा रही है जिससे यह न केवल जैव विविधता में वृद्धि करेगा बल्कि वन्यजीव जैसे कीट -पतंगे, पक्षियों को भी एक उपयुक्त आवास उपलब्ध कराने में मदद करेगा।



### जन-समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास

बलौदाबाजार वनमण्डल अधिकारी गणवीर धम्मशील नें बताया कि दीर्घकालिक पारिस्थितिकीय सुधार की दिशा में यह एक ठोस प्रयास है। इससे स्थानीय वन्यजीवों के लिए सुरक्षित आवास तैयार होंगे। ग्रामीणों को हरियाली का लाभ मिलेगा और जलमृदा-संरक्षण के परिणाम सामने आएंगे।साथ ही इस पहल में जन-समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने से पर्यावरण और वन्यजीव के संरक्षण के प्रति सामाजिक चेतना को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

पाठक सूचना
भाटापारा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
आयुष न्यूज एजेंसी
पता : जयस्तंभ चौक-भाटापारा
संजीव तिवारी (संवाददाता)
98271-66722
99262-91392

**खबर संक्षेप**



## पवन महामंत्री मनीष बने सचिव

रायपुर। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा ने पवन कुमार साहू को राष्ट्रीय युवा महामंत्री और मनीष कुमार साहू को राष्ट्रीय युवा संगठन सचिव छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्य प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया है। यह दायित्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू की संस्तुति पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर एवं राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल प्रसाद गुप्ता की अनुशंसा व अनुमोदन तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू के मार्गदर्शन में सौंपा गया है।

## भाषा के नाम पर किसी से भी दुर्व्यवहार न करने का अनुरोध

रायपुर। संयुक्त महाराष्ट्रीयन समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार रामटेके ने मनसे नेता राज ठाकरे एवं शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे से अनुरोध किया है कि भाषा के नाम पर अन्य प्रांतों से महाराष्ट्र गए लोगों से दुर्व्यवहार, मारपीट न की जाए, क्योंकि महाराष्ट्र के लाखों लोग भी देशभर के अन्य राज्यों में अपने व्यवसाय एवं नौकरी करते हैं। ऐसे में अगर उनके साथ भी किसी अन्य प्रदेश में अप्रिय व्यवहार किया जाएगा तो यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उक्ताशय की जानकारी राकेश गजभिये ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## ऑनलाइन होगी कार्टून प्रतियोगिता

रायपुर। इस साल छत्तीसगढ़ राज्य के 25 बरस पूरे हो रहे हैं और कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच के अपने प्रकाशन के 30वें वर्ष में प्रवेश करने वाली है। इस मौके पर कार्टून वॉच एवं समाज कल्याण विभाग छग की ओर से युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर अखिल भारतीय कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्टून वॉच के सम्पादक त्रयम्बक शर्मा ने इस प्रतियोगिता में 15 साल की उम्र और उससे बड़े लोग ही हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता ऑनलाइन होगी और 15 जुलाई की शाम तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। प्रतियोगिता में नकद पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार, तृतीय पुरस्कार 5 हजार और एक एक हजार रुपए के बीस विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

## फरार वारंटी भाऊ को पुलिस ने किया गिरफ्तार

धमतरी। लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी भाऊ को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली में वारंटी भाऊ नेताम पिता छिल्लू उम्र 24 वर्ष के खिलाफ चार स्थायी वारंट लंबित था। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। फरार वारंटी की गोपनीय सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर भाऊ नेताम देवारपारा ग्राम भटगांव थाना रूद्री निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस द्वारा फरार एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# मेडिकल क्यूब्स 'भीष्म' से सुसज्जित हुआ एम्स, आपदा आने पर 10 मिनट में तैयार होगा पोर्टेबल अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत किसी भी तरह की आपदा आने पर भीष्म मेडिकल क्यूब्स से दस मिनट के भीतर पोर्टेबल अस्पताल तैयार हो जाएगा। ऑपरेशन थियेटर, इमरजेंसी वार्ड, जीवन रक्षक दवा, वेंटिलेटर सहित कई उपकरण से सुसज्जित इस अस्पताल के एक यूनिट में 2 सौ मरीजों का इलाज करने की क्षमता होगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स को इस मेडिकल क्यूब्स से लैस किया गया है।

सबसे सुविधाजनक बात यह होगी कि इसे किसी भी आपदाग्रस्त क्षेत्र में हवाई मार्ग से भी पहुंचाया जा सकेगा। यह मेडिकल क्यूब्स सौर ऊर्जा पर आधारित होगा और आपतकाल में बैकअप के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी होगी। भीष्म मेडिकल क्यूब्स प्राकृतिक आपदाओं, सामूहिक दुर्घटनाओं और संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित ट्रॉमा केयर और मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गया है।

प्रत्येक क्यूब 10–15 मिनट के भीतर एक पूर्ण रूप से कार्यशील मोबाइल अस्पताल में परिवर्तित हो सकता है, जिसमें ऑपरेशन थिएटर, आपातकालीन वार्ड, जीवन रक्षक दवाएं, रक्त परीक्षण किट, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, एक्स-रे व सोनोग्राफी मशीन, स्ट्रेचर व अन्य आवश्यक उपकरण सम्मिलित हैं। चिकित्सकों ने बताया कि एआई-आधारित निगरानी प्रणाली मरीजों की स्वास्थ्य स्थितियों की रियल-टाइम ट्रैकिंग करती है, और इसका जलरोधी डिज़ाइन बाढ़ व भारी वर्षा के दौरान भी कार्यशील रहता है।

**ऑपरेशन थिएटर, इमरजेंसी वार्ड, जीवन रक्षक दवा, वेंटिलेटर सहित कई उपकरण शामिल**

### नक्सल विरोधी अभियान में हो सकते हैं उपयोगी

चिकित्सकों के अनुसार मेडिकल क्यूब्स न केवल आपदा जैसी परिस्थितियों में लोगों की जान बचाने में सहायक होंगे, बल्कि छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में, विशेष रूप से नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भी बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे। इस अवसर पर आयोजित एक बड़े ओरिएंटेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रम में 500 डॉक्टर, नर्स, पेरामेडिक्स, पुलिसकर्मी, सशस्त्र बलों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और एएनटीएफ के सदस्य सम्मिलित हुए।



### आपदा प्रतिक्रिया क्षमता में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा

एम्स में भीष्म (भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग, हित एवं मैत्री) परियोजना का औपचारिक उद्घाटन हुआ, जो कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पहल है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह क्यूब्स हमारी आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आएंगे। एम्स के कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि परियोजना का उद्घाटन हमारे संस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए ऐताहासिक क्षण है।

# सरोना का ट्रैफिक सिग्नल बंद, हादसे का खतरा बढ़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के व्यस्त मार्गों में से एक टाटीबंध-सरोना चौक का सिग्नल पिछले 10 दिनों से बंद है। सिग्नल बंद होने की वजह से एक्सीडेंट का खतरा पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गया है। स्थानीय रहवासियों ने सिग्नल बंद होने की जानकारी जिम्मेदारों को दी है। बावजूद इसके अब तक सिग्नल ठीक नहीं किया गया है।

- रहवासियों की शिकायत पर अब तक नहीं सुधारा गया सिग्नल
- भारी वाहनों की होती है आवाजाही

स्थानीय रहवासियों के अनुसार टाटीबंध-सरोना चौक पर सुबह से लेकर रात तक भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है। साथ ही सरोना चौक से स्थानीय रहवासी आवाजाही करते हैं। सिग्नल पार कर स्कूली बच्चे भी आवाजाही करते हैं। चौक का सिग्नल बंद होने की वजह से भारी वाहन चौक में रफ्तार कम करने के बजाये तेजी से अपना वाहन निकालते हैं। इससे स्कूली बच्चे रोड पार करने से डर रहे हैं। सिग्नल बंद होने की वजह से कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। समय पर मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से सिग्नल बंद होने की बात जानकार तथा ट्रैफिक पुलिस के अफसर कह रहे हैं। सिग्नल बंद होने की वजह से चौक में ट्रैफिक कंट्रोल करने ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

### नैनो डीएपी खरीदने का सरकार ने अब जारी किया टेंडर

# खाद के नाम पर भाजपा किसानों को ठग रही, लगातार झूठ बोल रही सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, खाद के नाम पर भाजपा किसानों को ठगने का काम कर रही है। प्रदेश में किसानों को उर्वरक नहीं मिल पा रहा, बोआई का काम, रोपाई का समय तेजी से बीत रहा है, खुले बाजार में भी खाद उपलब्ध नहीं है। सरकार लगातार झूठ बोल रही कि पूरे प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सरकार ने विज्ञापन भी जारी किया है कि सरकारी सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में नैनो, डीएपी उपलब्ध है।

- दो वर्षों में हमने जनता की लड़ाई लड़ी: दीपक बैज

### जनता की लड़ी लड़ाई

दो वर्षों में हमारी कोशिश रही कि हम जनता की लड़ाई लड़ें। जनता की तकलीफों की आवाज बनें, हमने एक दर्जन से अधिक न्याय यात्राएं कीं, आंदोलन किया, विधानसभा घेराव, सीएम हाउस घेराव, धरना प्रदर्शन जैसे तमाम लोकतांत्रिक हथियारों से विपक्ष के धर्म को निभाने का काम किया, हम कितने सफल रहे, यह आकलन करने का काम आप सब पर छोड़ता हूं। हमारा संघर्ष जन सरोकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी।

प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता में कहा, सरकार ने 11 जुलाई फिर से नैनो खरीदने के लिए निविदा जारी की है। इससे सवाल यह उठता है कि कब खरीदी होगी, कब सप्लाई और भंडारण होगा, कब बांटेंगे, जरूरत तो आज है। अगस्त, सितंबर में भी सप्लाई होगी, तो अनुपयोगी होगी। नैनो की लाइफ़ 6-7 माह रहती है, फिर ये एक्सपायर हो जाएगा। समय बीत जाने के बाद उपलब्धता का क्या लाभ? सरकार यदि वास्तव में जागरूक और ईमानदार किसान हितैषी होती, तो ये कदम अप्रैल में लेना था, अभी महंगे दाम पर खाद लेने के लिए किसान को व्यापारियों के पास झोंक दिया। 1350 में मिलने वाली खाद 2000 में बेची जा रही है, कोचियों, बिचौलियों और जमाखोरी को सरकार का संरक्षण है।

### समितियों के स्टॉक सार्वजनिक करे सरकार

उन्होंने कहा, प्रदेश में 2354 सहकारी समितियों के स्टॉक डिटेल सरकार सार्वजनिक करें, झूठे प्रचार नहीं। हमने अपने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा है कि वे खुद सोसाइटी में जाकर भौतिक सत्यापन करें। नकली और मिलावटी खाद खुले आम बिक रही है। निजी खाद दुकानों में कहीं भी स्टॉक का वेरिफिकेशन नहीं हो रहा है। प्रदेश में निजी खाद बेचने वाले व्यापारियों खासकर डीएपी के सुपर स्टॉकिस्ट/डीलर कौन है, सरकार बताये?

### बैज के कार्यकाल को दो वर्ष पूरे कांग्रेस नेतृत्व का जताया आभार

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को आज दो वर्ष पूरे हो गए। उन्होंने दो साल के कार्यकाल पर सबके सहयोग के लिए आभार जताया, कांग्रेस नेतृत्व का आभार जिन्होंने हमारे ऊपर भरोसा दिखाया, इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू सहित अपने वरिष्ठ नेताओं, कांग्रेस के सहयोगी मित्रों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों सभी के प्रति आभार, मीडिया के प्रति विशेष आभार आपने हमारे संघर्षों को मंच दिया।

### बिजली बिल के दामों की बढ़ोतरी, कांग्रेस करेगी आंदोलन

उन्होंने कहा, बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

# किसानों की समृद्धि कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं हो रही : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, वरिष्ठ किसान नेता संदीप शर्मा ने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रेस कॉन्फ्रेंस में खाद-बीज नहीं मिलने का सफेद झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को बरगलाने और अराजकता फैलाने के अघोषित कांग्रेसी एजेंडे को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा, प्रदेश में कहीं भी खाद-बीज के लिए किसानों को परेशान नहीं होने देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार संकल्पित है।



- कांग्रेसी अराजकता फैलाकर अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं

श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से लेकर बड़े नेता और पदाधिकारी कदम-कदम पर झूठ बोलने की आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। यूरिया और डीएपी खाद को लेकर कांग्रेस बिना वजह मिथ्या प्रलाप कर रही है जबकि अभी प्रदेशभर में नैनो यूरिया ,एनपीके, सुपर फास्फेट, ग्रोमोर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, किसानों को 6 लाख क्विंटल से अधिक प्रमाणित बीज और मांग अनुसार नगदी कृषि ऋण का वितरण किया जा रहा है। इन सब का उपयोग से प्रदेश के किसान कृषि-कार्य को रफ्तार दे रहे हैं, लेकिन कांग्रेसी यह चाहते हैं कि किसानो में भ्रम फैले, किसानों में आशंकाओं के चलते अकारण दहशत और अफरा-तफरी मचे और फिर उस आड़ में कांग्रेसी अराजकता फैलाकर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाएं।

श्री शर्मा ने कहा, अपने शासनकाल में तो कांग्रेसियों ने किसानों का सुकून छीन ही रखा था, अब सत्ता से उखाड़ फेंक दिए जाने के बाद भी कांग्रेसी किसानों की खुशी और उनका हित नहीं चाहते हैं और बेवजह के झूठ बोलकर के भ्रामक वातावरण निर्मित करना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस अपनी इस बदनीयती में कतई सफल नहीं होगी।

# केंद्रीय मंत्री दास और बृजमोहन ने अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र



रायपुर। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 47 स्थलों पर आयोजित 16वें रोजगार मेले में विभिन्न विभागों में चयनित 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। राजधानी रायपुर में डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री (जनजातीय कार्य मंत्रालय) दुर्गा दास उइके के साथ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी सहभागिता की और नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र सौंपे।श्री अग्रवाल ने कहा, समर्थ युवा विकसित भारत का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है, उसे मूर्त रूप देने की दिशा में रोजगार मेला एक सशक्त पहल है। आज का युवा आत्मनिर्भर भारत का आधार स्तंभ है और उन्हें अवसर देना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, रेलवे और अन्य विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में चयनित अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# विधायक मूणत ने जनचौपाल में जनता को दिलाया भरोसा, कहा- राजनीति नहीं, सेवा करने आया हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को वीर शिवाजी वार्ड और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में जन चौपाल का आयोजन कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी असली ताकत है। श्री मूणत ने जनता को भरोसा दिलाया कि वे राजनीति नहीं, जनता की सेवा करने आये हैं।

- वीर शिवाजी वार्ड में मंगल भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की घोषणा

शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम क्षेत्र के वीर शिवाजी और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में नाम या पद के लिए नहीं आया हूं, मेरी प्राथमिकता सिर्फ सेवा है। आप मेरे परिवार के सदस्य हैं, आपके हर काम में मेरी भागीदारी है। राजेश मूणत ने जनता से भी अपील की कि यदि कहीं भी घटिया या अधूरा कार्य दिखाई दे, तो उसका वीडियो बनाकर उनके कार्यालय तक पहुंचाएं ताकि तत्काल जांच करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की निगरानी आपकी जिम्मेदारी है और पारदर्शिता हमारी।



वीर शिवाजी वार्ड खमतराई में मांगलिक कार्यक्रमों के लिए विधायक ने एक करोड़ रुपये की घोषणा भी की। उन्होंने पटवारी को निर्देश दिया कि एक एकड़ भूमि जल्द से जल्द चयनित करें ताकि मांगलिक भवन का निर्माण प्रारंभ हो सके। यह भवन समाज के सभी वर्गों के उपयोग के लिए होगा।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि डगनिया तालाब में पचरीकरण, शेड बनाने का काम और चेंजिग रूम बनवाया जा रहा है।

जन चौपाल कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एमआईसी सदस्य सुमन-अशोक पांडे, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, जोन कमिश्नर दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# लक्ष्मीनगर के पास 4 दुकानों के अवैध निर्माण को तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 के नगर निवेश विभाग की टीम ने शनिवार को लक्ष्मीनगर वीआईपी चौक के पास योगेश वर्मा द्वारा किये जा रहे 4 दुकानों के अवैध निर्माण को तोड़ गिराया। नोटिस देने के बाद भी संबंधित द्वारा निर्माण कार्य बंद नहीं करने पर निगम अमले ने तोड़फोड़ की कार्रवाई की।

दरअसल, संतोषीनगर क्षेत्र के लक्ष्मीनगर एरिया में वीआईपी चौक के पास किये जा रहे 4 दुकानों के अवैध निर्माण को जोन 6 की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ने में तत्परता दिखायी। जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में 4 दुकानों के अवैध निर्माण को नोटिस देने के बाद भी निर्माण कार्य बंद नहीं किये जाने और निर्माण कार्य लगातार जारी रखने पर नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग टीम ने अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई नगर निवेश सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता सागर ठाकुर की उपस्थिति में स्थल पर की गयी।

### ठगी के शिकार लोगों को चार करोड़ रुपए रिफंड कराया है

# साइबर जालसाज ठगी के बाद लीगल कार्रवाई करने की धमकी देकर कर रहे वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइबर ठगी करने वाले जालसाज अपने शिकार को डिजिटल अरेस्ट की तरह प्रताड़ित कर वसूली कर रहे हैं। रेंज साइबर पुलिस ने इस तरह ठगी के प्रकरणों में एक साल के भीतर जालसाजों के अकाउंट में जमा 40 करोड़ रुपए होल्ड कराया है। इसके साथ ही ठगी के शिकार लोगों को चार करोड़ रुपए रिफंड कराया है। रेंज साइबर पुलिस का दावा है कि एक साल के भीतर आधे से ज्यादा लोगों को उनकी ठगी की रकम वापस दिलाने की प्रक्रिया चल रही है। ठगी की होल्ड रकम वापस दिलाने में देर होने की वजह जालसाजों द्वारा अलग-अलग बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर होना बता रहे हैं। रेंज साइबर टीआई मनोज नायक के अनुसार साइबर ठगी की जितनी शिकायतें आती हैं, अफसरों के निर्देश पर उन मामलों को सुलझाने त्वरित कार्रवाई की जाती है।

साथ ही उनकी प्राथमिकता ठगी की रकम को जल्द से जल्द होल्ड कराने का रहता है। ठगी की रकम होल्ड होने के बाद पीड़ितों को उनकी रकम दिलाने में मदद मिलती है। रेंज साइबर पुलिस राज्य के अन्य जिलों की अपेक्षा पीड़ितों को ठगी की रकम वापस दिलाने में काफी आगे है।

### पीड़ित की जुबानी कैसे की ठगी



रायपुर निवासी अमिताभ त्रिपाठी के अनुसार पिछले वर्ष जुलाई से अगस्त के बीच अज्ञात मोबाइल धारक ने उसे मैसेज भेज कर एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में जोड़ने के बाद ग्रुप में जुड़े लोगों ने अमिताभ की काउंसिलिंग कर शेयर ट्रेडिंग में रकम निवेश करने के लाभ बताए। झांसे में आकर अमिताभ ने जालसाजों के बताए अकाउंट में रकम जमा कराया। इस तरह से अमिताभ जालसाजों के अकाउंट में साढ़े पांच लाख रुपए जमा कर चुका था। ऑनलाइन अमिताभ को 37 लाख प्रॉफिट मिलना दिख रहा था। अमिताभ ने अकाउंट से पैसे निकालने की कोशिश की, तो जालसाजों ने अमिताभ को उसके नाम से बैंक में साढ़े सात लाख रुपए कर्ज होना बताया। कर्ज की राशि जमा करने के बाद अमिताभ को रकम वापस देने का झांसा दिया। रकम जमा करने से इनकार करने पर जालसाज, अमिताभ को लीगल एक्शन लेने की धमकी देने लगे।

# गुढ़ियारी में लंबा जाम गाड़ियों की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के गुढ़ियारी अंडरब्रिज से लेकर बाजार तक शनिवार शाम ट्रैफिक जाम से लोग परेशान रहे। इस बीच दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों की लाइन लगी रही। अव्यवस्थित पार्किंग और एक दूसरे से आगे निकलने की हड़बड़ी में यातायात का दबाव इतना ज्यादा रहा कि आधे घंटे तक जाम में फंसे लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया। आसपास के रहवासियों का कहना है कि गुढ़ियारी अंडरब्रिज के पास रोज शाम को ट्रैफिक जाम होने से इस मार्ग में आना-जाना मुश्किल हो जाता है।

- अंडरब्रिज से बाजार क्षेत्र तक रोज शाम ट्रैफिक जाम



गुढ़ियारी के थोक बाजार को शहर से बाहर डूमतराई में शिफ्ट करने के बाद भी लोगों को यहां ट्रैफिक जाम से अब तक राहत नहीं मिल पायी है। अंडरब्रिज से गुढ़ियारी पड़ाव इलाके में शनिवार को लोग आधे घंटे तक ट्रैफिक जाम में फंसे रहे। इसके कारण गाड़ियों का सरकना तक मुश्किल हो गया। चारपहिया वाहनों की एक से ज्यादा लाइन लगने और भीड़ ज्यादा होने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में खासी परेशानी उठानी पड़ी। सबसे ज्यादा हैरानी की बात ये रही कि ट्रैफिक जाम लगने के बाद भी स्पॉट पर ट्रैफिक के जवान वहां नहीं दिखे। लोगों ने लचर यातायात व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को जमकर कोसा।

स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### भाजपा की जनविरोधी मानसिकता की खुली पोल

**बागबाहरा।** डबल इंजन की भाजपा सरकार ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ की करोड़ों मेहनतकश जनता के साथ विश्वासघात किया है। बिजली की दरों में की गई भारी वृद्धि इस सरकार की जनविरोधी और पूंजीपरस्त मानसिकता को उजागर करती है। यह वही सरकार है, जो चुनाव पूर्व विकसित



छत्तीसगढ़ समृद्ध किसान, 24 घंटे बिजली जैसे सपने दिखाकर सत्ता पर आई है लेकिन अब एक-एक यूनिट पर जनता की जेब काटने में लगी है। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं बागबाहरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार आम आदमी की नहीं, अमीर उद्योगपतियों की सरकार है। पूंजीपतियों के लिए खजाने के द्वार खोलने वाली इस सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने का ठेका ले लिया है। केशव नायक राम चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी कर रही है। गांव-गांव, शहर-शहर कांग्रेस कार्यकर्ता जाकर बिजली दरों की असलियत बताएंगे और जनता को जागरूक करेंगे। यह जनतंत्र है, झूठ का व्यापार नहीं। जब सरकार जनता की पीड़ा नहीं सुनेगी, तो कांग्रेस सड़क पर उतरेगी और आवाज बनकर लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है जब जनता भाजपा सरकार को उसके हर फैसले के लिए जवाबदेह बनाए और आगामी चुनावों में सबक सिखाए।

### छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन सरायपाली इकाई की हुई मासिक बैठक

**सरायपाली (ग्रामीण)।** छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन सरायपाली ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक वन विभाग रेस्ट हाउस सरायपाली में हुई। बैठक की संगठन के विस्तार और मजबूत रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित जिला पदाधिकारियों और ब्लॉक के सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को अधिक प्रभावशाली एवं सशक्त बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में उपस्थित जिला से आए पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष बलराज नायडू, गौरव चंद्राकर, संतराम कुर्रे, लोकनाथ खुट्टे, संतोष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद इरफान शेख एवं सरायपाली ब्लॉक सदस्यों में ब्लॉक अध्यक्ष शंकर लहरे, उपाध्यक्ष नृपनिधि पांडे, सहसचिव अजय चौहान, मीडिया प्रभारी आयुष साहू, गोपाल लहरिया, अभिनय शाह, सचिव सुनील महापात्र, फागुलाल रात्रे, गणेश दास सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

**शिविर :** अल्ट्राटेक सीमेंट ने सीएसआर के तहत लगाया चिकित्सा शिविर

# मौसमी बीमारियों को लेकर किया गया जागरूक, 157 ग्रामीणों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीमेंट वर्क्स द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत रावन में मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूकता एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत परिसर में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना और बीमारियों से बचाव के प्रति सचेत करना रहा।

शिविर का आयोजन संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान संयंत्र के चिकित्सक डॉ. श्रीराम एवं डॉ. मंजरी द्वारा ग्राम के 157 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। उन्हें मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी, डेंगू, मलेरिया आदि की रोकथाम व प्राथमिक उपचार से संबंधित परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की प्रगति के लिए शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में अल्ट्राटेक सीमेंट निरंतर प्रयासरत है।

### ग्रामीणों को मिला प्राथमिक उपचार और दवाइयां




#### इनकी रही सहभागिता

शिविर के दौरान स्टाफ नर्स अपूर्वा मिर्जा, राकेश सोनी, प्रबीन कुशवाहा, रेडियोग्राफर रतन चंद, राकेश वर्मा आदि ने सराहनीय सेवाएं दीं। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच अमर सिंह नेताम, पूर्व सरपंच माधवी वर्मा, एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजू लहरी ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की एवं आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर सीएसआर एवं सुरक्षा विभाग प्रमुख संजीव मिश्रा, सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति, रंजय पाण्डेय एवं सीएसआर टीम से सुरेन्द्र यादव, द्वारिका वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा, सुनीता निषाद की सहभागिता रही।

# रेलवे लाइन नवनिर्माण पर आपत्ति, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

जिला बलौदाबाजार भाटापारा विकासखंड सिमगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत धोधा के किसानों एवं ग्रामीणों के द्वारा सिमगा अनुविभागी अधिकारी के समक्ष गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल रेलवे लाइन के नवनिर्माण पर शिकायत की गई है।

■ ग्रामीणों ने निजी एवं शासकीय भूमि अधिग्रहण का लगाया आरोप

जि स में भविष्य में अनेकों समस्या का सामना करने का अनगिनत समस्या गिनाई जैसे– नहर नाली में त्रुटि जिसमें भूमि एवं कृषि कार्यों में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा साथ ही जमीन पर ना ही कृषि कार्य किया जा सकेगा, ना ही मुआवजा के प्रवधान है, लोगों का कहना है कि यदि शासन द्वारा शक्ति पूर्ण हमारे जमीन को अधिग्रहण किया जाता है तो प्रत्येक किसान को योग्यता अनुसार नौकरी दिया जाए, जमीन का पूर्ण रकबा लिया जाए और जमीन का किसानों के अनुसार मुआवजा दिया जाए, साथ ही जब तक किसान शासन के इस फैसले से संतुष्ट नहीं होते तब तक इस कार्य पर रोक लगाया जाए।

#### ये हुए शामिल

इसमें सरपंच से लेकर ग्रामीण लोग शामिल हुए थे जिनका नाम इस प्रकार है अशोक कुमार, सुनील निषाद, दीपक यादव, निखिल यादव, मधुसुदन साहू, घनश्याम साहू, कुलपत साहू, थानू प्रसाद, रोशन, बुदेलाल आदि ग्रामीण शामिल हुए।

# रेलवे में तत्काल टिकट बुकिंग के लिए अब ओटीपी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

रेल्वे में यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को तत्काल टिकट आरक्षित कराते समय अब फार्म में भरे मोबाइल नंबर पर ओ टी पी सिस्टम 15 जुलाई से लागू हो रहा है, ओटीपी नंबर बताने के बाद ही यात्री का टिकट बुक होगा,ऐसा डिजिटल सेवा को बढ़ावा देने तथा पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है,भाटापारा के आरक्षण कार्यालय में भी उक्त सूचना को प्रदर्शित करते हुए दिवाल पर चस्पा कर दिया गया है।

■ डिजिटल ट्रांजेक्शन और पारदर्शिता को लेकर रेलवे की बड़ी पहल

उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार रेलवे में तत्काल टिकट आरक्षण कराने के लिए भरे जाने फार्म में अब दिए गए मोबाइल नंबर पर ओ टी पी नम्बर भेजा जाएगा और उक्त ओ टी पी नम्बर को बताने के बाद ही यात्रियों का टिकट बुक होगा। भाटापारा पीआरएस काउंटर में यह सुविधा 15 जुलाई से चालू हो रही है, जिसके लिए पूर्व में ही यात्रियों को जानकारी देने के उद्देश्य से आरक्षण कार्यालय के ऊपर में सूचना प्रदर्शित कर दी गई है। रेल सूत्रों का कहना है कि ओ टी पी सिस्टम लागू होने के बाद पूरी पारदर्शिता बनी रहेगी। वही पी आर एस काउंटर और एटीवीएम में डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए पूर्व से ही क्यू आर कोड के माध्यम से रेल टिकट की बिक्री हो रही है और जानकारों की माने तो आने वाले समय में रेल सेवा पूरी तरह डिजिटल होने की संभावना बढ़ रही है।




# गुरु खुशवंत साहेब पर हमला लोकतंत्र की हत्या: गोविंद वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

समोदा मंडल के भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने कहीं की बीती रात नवागढ़ से लौट रहे आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब के कार पर बेमेतरा जिला के ग्राम भोइनाभाटा बाईपास रोड के पास अज्ञात लोगो द्वारा पत्थरबाजी कर उन्हें चोट पहुचने के प्रयास किया गया था। उक्त कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए हमलावर अपराधियो के ऊपर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियो एवं कार्यकर्ताओ ने मोर्चा खोल दिया है। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों और समर्थकों ने रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह से मुलाकात कर अंतिम निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य को लोकतंत्र पर हमला करते हुए कहा कि वे जल्द ही अपने दोषियों की पहचान कर कार्यवाही करने की माँग की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से समोदा मंडल अध्यक्ष भाजयुमो गोविंद वर्मा, राकेश वर्मा सरपंच अछोली, यशवंत वर्मा, सरपंच नवीन वर्मा, मुकेश वर्मा, जनपद दिलराज केडी, शेखर नारंग, जनपद संजय धृतलहरे एवं सैकड़ों पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# वनाधिकार पत्र पर कार्यशाला का आयोजन



**बलौदाबाजार ।** जनपद पंचायत कार्यालय कसडोल में शनिवार क़ो वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत फौत एवं नामांतरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डीएफओ गणवीर धम्मशील, एसडीएम, तहसीलदार एवं सभी एसडीओ (वन), परिक्षेत्र अधिकारीगण एवं प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल उपस्थित रहे। कार्यशाला में डीएफओ एवं एसडीएम के द्वारा नामांतरण क़ी प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया और फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव दिए गए। इसके साथ ही वनाधिकाऱ पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों का अनुभाग स्तरीय समिति में संविक्षा एवं आगे क़ी कार्यवाही के सम्बन्ध में भी दिशा निर्देश दिये गए। कार्यशाला में वनाधिकाऱ अधिनियम पर विस्तृत जानकारी प्रदान क़ी गई।

# जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का मासिक बैठक हुई

**सुहेला** ।ग्राम सुहेला में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की मासिक बैठक ग्राम सुहेला के मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भवन में उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़िया समाज को एक मंच पर लाकर आपसी एकता और संगठन को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

बैठक में जय जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एकता में ही असली ताकत होती है और किसी भी समस्या का समाधान मिलजुल कर ही संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया कि वे गांव-गांव जाकर संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं तथा सदस्यता अभियान को तेज करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में संगठन की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़िया समाज को सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से और अधिक सशक्त बनाया जा सके।





## पेज 9 के शेष

### मोक्षधाम में चला...

पेड़ों की छंटाई, झाड़ियों की सफाई, जल निकासी और समग्र सफाई कार्य को प्राथमिकता के साथ अंजाम दिया गया।नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से नगर पालिका प्रशासन और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में मोक्षधाम सेवा कार्य में लगे समिति अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरवानी, पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, कन्हैया सेन, जितेंद्र डड़सेना, सतीश पटेल, चंद्रशेखर गुप्ता, आदित्य गुप्ता, मनोज कांत पुरैना, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, पोषण पटेल, रविंद्र नामदेव, रवि फेकर के साथ समाजसेवी सुशील तिवारी, नीलम दीक्षित, प्रभाकर मिश्रा, संतोष तिवारी 'राजा', संजय नारायण केशरवानी, प्रमोद साहू, कौशल पुरैना, शिवांश नामदेव, यादव प्रसाद चंद्राकर (रजवा), अजय कन्नौजे, छेदीलाल फेकर, भारत भूषण साहू, हितेश वर्मा, गुरुदत्त तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### समाधान सेल की...

आरोपी द्वारा स्वयं के जिलाबदर का आदेश होना जानते हुए भी भाठागांव में घूमना स्वीकार किया गया। कि आरोपी का कृत्य धारा 14, 15 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का घटित पाए जाने से आरोपी को आज दिनांक 13 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### अवैध वसूली की...

वजह से सड़क पर खड़े थे। सड़कों में वाहनों की लंबी कतार लगी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस केवल दो पहिया वाहनों की जांच करती है और जांच के नाम पर अवैध वसूली करती है। रोजी मजदूरी करने वाले, अस्पताल जाने वाले महिलाओं, बुजुर्गों को भी जांच के नाम पर परेशान कर मनमाने राशि वसूल की जाती है।

### शेयर ट्रेडिंग में...

की संपत्ति जप्ती/कुर्की की कार्यवाही करने एवं उच्चतम विवेचना हेतु एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया है। प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी दिवाकर अवसरिया को हिरासत में लिया गया। आरोपी दिवाकर से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य के साथ मिलकर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कई लोगों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया।

**कार्यकर्ताओं ने समस्याओं से कराया अवगत**

# सभापति ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नगर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में लगातार मिल रही समस्याओं के समाधान हेतु सभापति श्रीमती शकुंतला पटेल ने अच्छी पहल किया है, आपको बता दे कि शुक्रवार को नगर के वार्ड नं 1, 2, 3 एवं 4 के आंगनबाड़ी केंद्रों में नपा अध्यक्ष नागेश्वर साहू के निर्देश पर सभापति शकुंतला पटेल सहित वार्ड पार्षदों ने औचक निरीक्षण किया।

जिसमें आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों की संख्या, उपस्थित बच्चों की संख्या, पोषण सामग्री, खेल सामग्री, आंगनबाड़ी की स्थिति, साफ सफाई संबंधी विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ता एवं सहायिका से पूछताछ किया गया। जिसपर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने केंद्र की वस्तुस्थिति से सभापति को अवगत कराया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान जानकारी मिला कि कुछ आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर अवस्था में है, जिनका सुधार अत्यंत जरूरी है, इसके अलावा आंगनबाड़ी में वालचार्ट, स्टडी कार्ड बोर्ड, वजन मशीन, दरी , कुर्सी टेबल एवं अलमारी की कमी की जानकारी दिया गया।

इसके साथ ही कुछ केंद्रों में बच्चों की बहुत कम संख्या देखी गई। जिसपर उपस्थित कार्यकर्ताओं को बच्चों की संख्या बढ़ाने निर्देशित किया गया।

चर्चा के दौरान कार्यकर्ताओ द्वारा उपलब्ध सरकारी जमीन पर आंगनबाड़ी भवन बनाने की भी मांग की गई जिसपर वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र व्यवहार करने की बात सभापति ने कहा। निरीक्षण के दौरान नपा एकीकृत महिला एवं बाल विकास सभापति श्रीमती शकुंतला पटेल, पार्षद श्रीमती श्री यादव, नीरज साहू सहित पार्षद प्रतिनिधि दीपक पटेल मौजूद रहें।



## खबर संक्षेप



### आंचल संस्था में मनाया गया गुरु पूर्णिमा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में आंचल जनकल्याण समाज सेवी संस्था द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर समाजिक कार्यकर्ता डिगेश्वरी कुर्रे ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित ट्यूशन क्लास में गुरु पूर्णिमा पर गीत संगीत और खेल के माध्यम से बच्चों को गुरु पर्व पर जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को निःस्वार्थ सेवा दे रहे कार्यकर्ताओं का नारियल भेंट कर सम्मान किया गया, जो अपना बहुमूल्य समय बच्चों को पढाऩे में समर्पित कर रहे हैं।

### पीएम सूर्य घर मोदी की क्रांतिकारी योजना



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ शासन में राज्य महिला आयोग के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने बताया कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम सूर्य घर योजना लोगों को बिजली बिल से पूरी तरह से मुक्ति दिलाने वाली क्रांतिकारी योजना है। इस योजना के माध्यम से आप अपनी मांग अनुरूप या खपत के अनुसार बिजली स्वयं उत्पन्न कर सकते है। कोसरिया ने आगे बताया कि यह योजना कोयला,पानी आदि से उत्पन्न बिजली पर निर्भरता को कम कर सूर्य की किरण के माध्यम से बिजली उत्पन्न कर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सार्थक पहल है।

### सावन माह में तेज धूप, उमस और गर्मी ने किया परेशान

**नर्रा।** क्षेत्र में बारिश थमने के बाद सावन माह लगते ही धूप अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। तेज धूप के कारण उमस व गर्मी बढ़ गई है। अब लोग फिर पंखे कूलर की सहारा लेना पड़ रहा हैं। इधर, दादर भर्री खार वाले खेत में भरे पानी सूखने से बियासी कार्य ठप पड़ने लगे है। फिर किसानों को बारिश की दरकार है। इधर, सही समय पर फसल को डीएपी यूरिया की आवश्कता पड़ता है। लेकिन, सोसायटियों में डीएपी यूरिया खाद नही मिलने से किसान परेशान है।

### पेंशनर संघ की बैठक में नई सदस्यता पर हुई चर्चा



**बसना।** छग पेशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना की मासिक बैठक शनिवार 12 जुलाई को को पेंशन भवन में हुई। बैठक में 2025 के सदस्यता पर चर्चा की गई। सभी पेंशनरों से संपर्क कर संघ से जोड़ने पर जोर दिया गया। मप्र-छग विभाजन धारा 49 (6) को विलोपित करने एवं केंद्र के समान 55 प्रतिशत डीए के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पोस्ट कार्ड लेखन का कार्य किया गया। बैठक में सभी पेंशनरों को आय कर दाखिल करने को कहा गया। बैठक में सीए सन्नी अग्रवाल भी उपस्थित रहे। बसना तहसील के कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक पुरुषोत्तम दीवान भी उपस्थित होकर अपने विचार रखें। एचडीएफसी बैंक के कैशियर ने भी बैंकिंग के बारे में जानकारी दी गई। आरवी प्रधान को प्रदेश प्रचार मनोनीत किए जाने पर प्रांताध्यक्ष डीपी मरहर को आभार व्यक्त किया गया। अंत में उपस्थित पेंशनरों द्वारा दिवंगत स्व युधिष्ठिर यादव एवं रासबिहारी दास को दो मिनट मौन रख कर श्रदांजलि दी गई।

### आवारा पशुओं से त्रस्त किसान एवं जनता

**झलप।** क्षेत्र में पशु पालकों के लापरवाही के चलते किसानों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। पशु पालक अपने गाय या भैंस को खुला छोड़ रहे हैं, जिसके कारण ये जानवर खेतों में विचरण कर फसल के पौधे को नुकसान पहुंचा रहे हैं या ये एनएच 53 में आ रहे और गाड़ियों से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

# कृषकों को बैटरी स्पेयर व अरहर बीज मिनिकिट की गई वितरित

## सुनसुनिया में हुई कृषक संगोष्ठी, किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा विकासखण्ड बलौदाबाजार के ग्राम सुनसुनिया में एक्सीटेंशन रिफार्म आत्मा अतर्गत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानो क़ो क़ृषि विभाग कि विभिन्न योजनाओं क़ी जानकारी प्रदान क़ी गई। इसके साथ ही डीएमएफ अंतर्गत 20 कृषकों क़ो बैटरी स्पेयर व 30 कृषको क़ो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण योजना अंतर्गत अरहर बीज़ मिनीकिट का वितरण किया गया।

फसल बीमा योजना अंतर्गत खेती में जोखिम से बचाव हेतु कृषको क़ो फसलों के बीमा के लिए प्रोत्साहित किया गया।कृषको क़ो कुल बीमा का मात्र 2 प्रतिशत देय होगा, शेष राशि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा वाहन किया जाएगा। फसल बीमा के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी एवं पुष्प उत्पादन क़ी तकनीकी जानकारी दी गई वहीं पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं में मौसमी बिमारी एवं उसके उपचार क़ी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य शांता देवी यादव, अमित बारले, सरपंच रोशनी मांझी, उप सरपंच शरद कुमार केवट, वरिष्ठ क़ृषि विकास अधिकारी लोकनाथ दीवान, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संतोष साहु सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



### नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी छिड़काव की दी जानकारी

वर्तमान खरीफ सीजन में डीएपी के स्थान पर एसएसपी अथवा एनपीके उर्वरक के उपयोग हेतु कृषको क़ो सलाह दी गई। साथ ही विभिन्न फसलों में उर्वरकों के संतुलित उपयोग के माध्यम से खेती हेतु प्रोत्साहित किया गया। उर्वरक के उपयोग में कमी हेतु नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी छिड़काव हेतु विस्तृत जानकारी दी गई।

## अभियान : 'उदीम' पुस्तक की लेखन टीम ने की कलेक्टर से मुलाकात

# शैक्षिक नवाचार को मिली नई पहचान


### बालवाड़ी से माध्यमिक स्तर तक की नवाचारी गतिविधियों पर आधारित है पुस्तक 'उदीम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

छत्तीसगढ़ राज्य के अलग अलग जिलों के 36 सक्रिय और नवाचारी शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधि आधारित नवाचारी क्रियाकलापों की पुस्तक उदीम - सीखने सिखाने का एक प्रयास बलौदाबाजार उदीम लेखक मण्डल ने जिले के कलेक्टर दीपक सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, जिला परियोजना अधिकारी जहीर अब्बास, अरुण वर्मा, सहायक संचालक केके गुप्ता, बलौदा बाजार विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन ,बी. आर. पटेल, से भेंट कर पुस्तक प्रदान किये।

■ यह पुस्तक शिक्षकों और बच्चों के लिए बनेगी सेतु

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पहली बार हमारे जिले मे गतिविधि आधारित पुस्तक हम सबके बीच है यह हमारे लिए गौरव की बात है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों के लिए विशेष लाभदायक होगा। कार्यक्रम में पुस्तक के संयोजक लोकेश कुमार वर्मा, संपादक भारती वर्मा, योगेश्वर कुमार साहू, महादेव जायसवाल, आराधना वर्मा, कविता सरसीहा, सीमा जायसवाल, संध्या पैकरा, नीलम वर्मा, योगेश्वरी साहू, बलौदाबाजार जिले के सभी नवाचारी उदीम लेखक मण्डल के सदस्य उपस्थित थे।



### सारे शिक्षकों का अकल्पनीय प्रयास है 'उदीम'

उदीम वास्तव मे कोई एक पुस्तक ही नहीं है अपितु सारे शिक्षकों का अकल्पनीय प्रयास है। स्कूल और बच्चों के बीच एक सेतु का काम करेगा। यह गतिविधि आधारित पुस्तक उदीम न केवल शैक्षिक नवाचारो की सहज परिणीति है। वरन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सक्रिय भागीदारी पूर्ण एवं समावेशी शिक्षा की भावना को मूर्त रूप देने की एक सराहनीय पहल है। यह पुस्तक वास्तव मे कक्षा-कक्ष को प्रयोगशाला मे परिवर्तित करने की क्षमता रखती है। जहां शिक्षक एक मार्गदर्शक हैं, छात्र सह-अन्वेषक हैं और अधिगम एक गतिशील यात्रा है। जिज्ञासा परक शिक्षण, बाल केंद्रित विधियां, सीखने की गहराई और स्थायित्व को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाती है

### नवाचारी गतिविधियों पर आधारित है पुस्तक

उदीम में बालवाडी स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक के बच्चों को अंक, अक्षर व मात्रा ज्ञान, भाषायी कौशल, गणितीय कौशल, विज्ञान के सरल प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को रुचिकर बनाने, अनुपयोगी व कबाड़ के वस्तुओं से उपयोगी व सजावटी वस्तु निर्माण की कला, बांस कला, मिट्टी कला, प्रिंट रिच वातावरण, खेल खेल में शिक्षा, वातावरण को हरितम समृध्द करने पर्यावरणीय शिक्षा, पूर्व व्यावसायिक शिक्षा आदि पर रोचक तरीके से गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिसके द्वारा बच्चों को एक आनंददायी वातावरण में अपेक्षित अधिगम लक्ष्य प्राप्ति की ओर ले जाया जा सकता है। यह पुस्तक बच्चों को नए सत्र में विद्यालय एवं पढ़ाई से जोड़ने में सहायक सिध्द होगा।

## जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से भारी संख्या में जुड़ रहे हैं युवा



**खरोरा ।** छत्तीसगढ़ में नया विकल्प के रूप में उभरी जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जो की राजनीति में एक क्षेत्रीय पार्टी है। छत्तीसगढ़ में बढ़ रही समस्या का वर्तमान में सिर्फ एक हि समाधान जेसीपीः समाधान चाहे वह ग्राम नकटी का हो, ग्राम छपोरा में हर्ष यादव की मौत का मामला हो, ग्राम सिर्री में मजदूर की कमर टूटने का मामला, पीड़ित को न्याय दिलाने का मामला हो, हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर छत्तीसगढ़ में युवाओं को राजनीतिक का नया विकल्प बनकर उभर रही है।

वहीं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस हो या वर्तमान बीजेपी की सरकार दोनों मिलकर छत्तीसगढ़ की जनता का हक और अधिकार मारने का काम कर रही है, चाहे वह दारू बंद करने का मामला हो या हसदेव की कटाई का मामला हो। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जिला अध्यक्ष योगेश साहू का कहना है कि सरकार मस्त है 67 मधुशाला को खोलकर और बंद कर रही है छत्तीसगढ़ की पाठशाला। महतारी वंदना के नाम से जो 1000 छत्तीसगढ़ की महिलाओं को दिया जा रहा है वह वास्तविक में महतारी मुंह बंद योजना है ताकि छत्तीसगढ़ की महिलाएं शराब को लेकर कुछ ना बोल सके और अपनी समस्याओं को सरकार के सामने ना रख सके।

## बहुजन आंदोलन पार्टी के नेतृत्व में करेंगे एसडीएम दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया कि नगर पालिका परिषद सिमगा क्षेत्र में भूमाफिया द्वारा धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग कर निर्माण किया जा रहा है। इस परिस्थिति में नगरवासियों को जल, रोड आदि संबंधी जो सुविधाएं प्राप्त होनी चाहिए वह नहीं हो पा रही है।

अली ने बताया कि अवैध प्लाटिंग एवं कालोनी निर्माण पर रोक लगाने हेतु पुर्व में उनके द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी, सिमगा एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार सिमगा, सीएमओ नगर पालिका परिषद सिमगा को कई बार लिखित शिकायत किया गया है किन्तु आज पर्यन्त तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिससे जनता में आक्रोश है। जिसके चलते बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली द्वारा मोर्चा खोलने की तैयारी की जा रही है। अली ने बताया कि आने वाले दिनों में उनके संगठन द्वारा एक बड़े प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में आसपास के लोग शामिल होंगे और विभिन्न मांगो को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे।

## गंदे पानी से बर्बाद हुई किसान की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह/सैहा/गुमा

■ टाउनशिप का पानी खेत में बहाया

■ किसान ने प्रशासन से की न्याय और मुआवजे की मांग

अंचल के ठेलकी गांव निवासी गरीब किसान महेन्द्र वर्मा के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। महेन्द्र वर्मा, जो अपने दिवंगत पिता भैय्याराम वर्मा की खेती को ही परिवार का एकमात्र सहारा बनाए हुए है, का कहना है कि श्री टाउनशिप कॉलोनी से निकासी का गंदा पानी मोटर पंप के माध्यम से लगातार उसके खेत में छोड़ा जा रहा है, जिससे उसकी पूरी धान की फसल बर्बाद हो गई।



किसान महेन्द्र वर्मा का डेढ़ एकड़ खेत भरूवाडीह स्थित श्री सीमेंट संयंत्र की टाउनशिप कॉलोनी से सटा हुआ है। उसका कहना है कि धान बोने के बाद वह प्रतिदिन सुबह-शाम खेत की निगरानी करता था। इसी दौरान उसने देखा कि कॉलोनी से गंदा पानी मोटर के जरिए सीधे उसके खेत में डाला जा रहा है। किसान के अनुसार, उसने कॉलोनी के मुख्य द्वार पर पहुंचकर जिम्मेदारों से शिकायत की, जिसके बाद देवांगन साहब के कहने पर पानी छोड़ना एक बार रोका गया। लेकिन अगले ही दिन फिर से वही सिलसिला शुरू हो गया। लगातार मना करने के बावजूद तीसरे दिन भी जब कॉलोनी का गंदा पानी खेत में डाला गया, तो खेत जलमग्न हो गया और बोई गई धान की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई।

### किसान ने की दोषियों को सजा देने व मुआवजे की मांग

अपनी बर्बाद फसल को देखकर महेन्द्र वर्मा फफक कर रो पड़ा। उसने कहा कि अब उसके पास न बीज है, न दोबारा खेत तैयार करने की ताकत। इस घटना से वह बेहद चिंतित और हताश है। महेन्द्र वर्मा ने प्रशासन से अपील की है कि टाउनशिप कॉलोनी की अनियोजित गंदे पानी की निकासी व्यवस्था की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा उसे उचित मुआवजा दिया जाए, जिससे वह अपनी अगली फसल बो सके और परिवार का भरण-पोषण कर सके।

## डहरिया ने संभाला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के डीईओ का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

विकासखंड बिलाईगढ़ के पूर्व विकाशखण्ड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया को सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नए जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर प्रधान पाठक संघ ब्लाक बिलाईगढ़ के पदाधिकारी बधाई देने उनके निवास पर पहुंचे। गुलदस्ता, स्मृति चिन्ह भेंटकर उज्जवल भविष्य की बधाई दी। मुलाकात के दौरान श्री डहरिया ने कहा कि मैं यहां की भौगोलिक स्थिति और शैक्षणिक स्थिति को अच्छी तरह से समझता हूँ। निश्चित हमलोग मिलकर शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने में भरपूर कोशिश करेंगे। जिसमें आप सबके सहयोग की आवश्यकता होगी। तो सबने अपने स्तर पर भरपूर सहयोग करने की आश्वासन दिया। मिलकर बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से यादराम हिरवानी, रामदुलार निराला, तीरथ नारायण बंजारे, सत्येंद्र सिंह ठाकुर,रामशरण केशरवानी, संजीव जायसवाल, चेतन कुमार चंद्रा, रुखमण सरदार, सूबरन निराला, गजानंद साहू, ख़गेश यादव, राजकुमार टंडन, मनोज कुमार साहू, कमलेश कुमार भारती सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## भाटापारा में कुएं-तालाबों को मिलेगा पुनर्जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सीएम विष्णु देव साय एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन तथा नपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में कुंए व तालाब के सुधार कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। यह कार्य न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए स्वच्छ और सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम भी है। जल संरक्षण को लेकर प्रदेशभर में चलाए जा रहे इस जन-जागरण अभियान का उद्देश्य भू-जल स्तर में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा आगामी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल भविष्य का निर्माण करना है। पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन से न केवल वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय जल संकट की समस्याओं का समाधान भी साकार रूप लेगा। इस अभियान में नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि जल ही जीवन का मंत्र वास्तव में जन-जीवन का आधार बन सके।



## गुरु की महिमा पर आधारित गीत, कविता और भजन प्रस्तुत किए गए

# गुरुपूर्णिमा पर हुआ भव्य आचार्य सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

वेदव्यास जयंती एवं गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, खरोरा में माँ सरस्वती बाल कल्याण समिति के तत्वावधान में आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं वेदव्यास जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया, इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गुरु की महिमा पर आधारित गीत, कविता और भजन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने गुरुपूर्णिमा की परंपरा, महत्व और गुरु-शिष्य के शाश्वत संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु वह होता है जो अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। ऐसे गुरु का सम्मान करना हम सभी का परम कर्तव्य है।




श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित

विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने भी अपने उद्बोधन में गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा और शिक्षकों की भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य कंचन वर्मा के मार्गदर्शन में छात्राएं अनामिका साहू एवं कांक्षी धीवर ने किया। इस गरिमामय आयोजन में माँ सरस्वती बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बालकृष्ण बानी, व्यवस्थापक प्रकाश सिंह ठाकुर एवं मयंक बैस द्वारा सभी आचार्यों को पारंपरिक वेशभूषा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के प्रचार-प्रसार का दायित्व धरमू टण्डन ने निभाया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, मुख्य अतिथि सुनिता अनिल सोनी नगर पंचायत अध्यक्ष, खरोरा, एवं विशेष अतिथि वल्लभ लाहोटी अध्यक्ष, माँ सरस्वती बाल कल्याण समिति, रोहणीपुरम रायपुर), प्रकाश सिंह ठाकुर (सचिव), मयंक बैस (कोषाध्यक्ष), डॉ. अजय कुलश्रेष्ठ (सदस्य), अनिल सोनी (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, खरोरा) तथा विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर उपस्थित रहे।

